web : www.nyaysakshi.com || पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल || पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक-सेहत-विज्ञान-फीचर

दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, सोमवार 27 मई 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-234

## भारत मां से बड़ा कोई ईष्ट देव नहीं :मोदी

» एनडीए संसदीय दल की बैठक में बोले पीएम



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में गठबंधन की राजनीति को समय की मांग बताते हुये इसे मजबूत करने की जरुरत पर बल देते हुए आज कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन एक विश्वस्त आन्दोलन बन गया है। मोदी ने संसद के केन्द्रीय कक्ष में राजग संसदीय दल का नेता चुने जाने के बाद नवनिर्वाचित सांसदों और घटक दलों के नेताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य के लिए गठबंधन की राजनीति शुरु की थी और अब इसे आदर्श बनाने की जरुरत है। राजग अब केवल गठबंधन ही नहीं बल्कि विश्वस्त आन्दोलन बन गया है। उन्होंने कहा कि राजग के दो महत्वपूर्ण स्तंभ हैं जिनमें 'क्षेत्रीय आकांक्षा और राष्ट्रीय महत्वाकांक्षा' (नारा) शामिल है। राजग में 'इनर्जी ' और 'सिनर्जी' का मेल है और ये ऐसे रसायन हैं जो सभी को जोड़कर चलते है ।

उन्होंने कहा, मैं कहता हूं कि छपास (छपने का मोह) और दिखास (टीवी पर दिखने के मोह) से बचना चाहिए। इससे बचकर चलें तो खुद भी बचेंगे और दूसरों को भी बचाएंगे। मैंने कभी कहा था कि मोदी ही मोदी का चैलेंजर है। इस बार मोदी ने मोदी को चैलेंज किया और 2014 के सारे रेकॉर्ड तोड़ दिए। सदन में महिलाओं की संख्या का रेकॉर्ड भी इस बार टूटा। उन्होंने कहा कि भारत माता से बड़ा कोई इष्ट देवता नहीं व देश हमसे कभी नाराज नहीं होना चाहिए।

प्रधानमंत्री ने चुनाव प्रचार अभियान के दौरान पैदा हुयी राजनीतिक कटुता को खत्म करने पर जोर देते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों को जनता के साथ भेदभाव नहीं करना चाहिए । जन प्रतिनिधियों का एक दायित्व होता है और चुनाव के दौरान जो उनके साथ रहे और जो भविष्य में उनके साथ होंगे दोंनों को समान रुप से साथ लेकर चलना चाहिए । मानवीय संवेदना में कोई पराया नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि यह चुनाव प्रचार अभियान उनके लिए तीर्थ यात्रा के समान था जिसमें उन्हें इस बात की अनुभूति हुयी कि जनता जनार्दन है , जनता ही ईश्वर का रुप है। जैसे ही पीएम नरेंद्र मोदी सेंट्रल हॉल में आए, वहां मौजूद सभी सदस्यों ने उनका स्वागत किया।

मंच पर पीएम मोदी के साथ राजनाथ सिंह, सुषमा स्वराज, अमित शाह, लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, प्रकाश सिंह बादल, नीतीश कुमार, रामविलास पासवान, उद्धव ठाकरे मौजूद रहे। पीएम मोदी ने इस दौरान आडवाणी, प्रकाश बादल और जोशी के पैर छूकर आशीर्वाद लिया।

## ई.सी. ने राष्ट्रपति को सौंपी लोकसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों की सूची

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** मुख्य निर्वाचन आयुक्त सुनील अरोड़ा ने 17वीं लोकसभा के लिये संपन्न हुये चुनाव में जीते उम्मीदवारों की सूची शनिवार को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को सौंप दी। राष्ट्रपति को चुनाव परिणाम सौंपे जाने के समय निर्वाचन आयुक्त अशोक लवासा और सुशील चंद्रा भी अरोड़ा के साथ थे। चुनाव परिणाम के आधार पर 17वीं लोकसभा का गठन होगा। इसके पहले राष्ट्रपति कोविंद ने केन्द्रीय मंत्रिमंडल की सिफारिश पर 16वीं लोकसभा को भंग कर दिया। इसके साथ ही 17वीं लोकसभा के गठन की औपचारिक शुरुआत हो गयी। निर्वाचन आयोग ने लोकसभा की 543 सीटों पर मतदान के लिये 10 मार्च को चुनाव कार्यक्रम घोषित किया था। सात चरणों में, 11 अप्रैल से 19 मई तक, लोकसभा की 542 सीट पर हुये मतदान के बाद 23 मई को मतगणना हुयी। तमिलनाडु की वेल्लोर सीट पर धनबल के इस्तेमाल की शिकायतों के आधार पर आयोग ने मतदान से पहले ही चुनाव स्थगित कर दिया था। इस सीट पर अभी चुनाव होना बाकी है। दो दिन तक चली मतगणना के बाद शुक्रवार को घोषित चुनाव परिणाम के आधार पर सत्तारूढ़ भाजपा को सर्वाधिक 303 सीट मिलीं। वहीं, मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस महज 52 सीट पर सिमट गयी। चुनाव कार्यक्रम के मुताबिक आयोग को 17वीं लोकसभा के चुनाव की प्रकिया 27 मई से पहले पूरी करनी है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### जगन ने मोदी को शपथ ग्रहण में आने का दिया न्योता

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** वाईएसआर कांग्रेस प्रमुख जगन मोहन रेड्डी ने दिल्ली में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करने के बाद उन्हें शॉल और तिरुपति बालाजी की तस्वीर भेंट की। उन्होंने मोदी को अपने शपथ ग्रहण में शामिल होने का न्योता दिया। वें 30 मई को सीएम पद की शपथ लेंगे। मोदी से मुलाकात के बाद जगन बीजेपी अध्यक्ष अमित शाह से मिलने पहुंचे। जगन इससे पहले 2015 और 2017 में भी पीएम मोदी से मुलाकात कर चुके हैं। राज्य के पूर्व सीएम वाईएसआर रेड्डी के बेटे जगन की पार्टी को विधानसभा की 175 में से 151 सीटों पर जीत हासिल हुई है और उन्होंने चंद्रबाबू नायडू की पार्टी को करारी शिकस्त दी है जिनकी टीडीपी को सिर्फ 23 सीटों पर संतोष करना पड़ा है।

### राज्यसभा सांसद संजय सिंह होंगे आप के राजस्थान प्रभारी

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** आम आदमी पार्टी (आप) के प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह को आप पार्टी ने राजस्थान का प्रभारी बनाया है. बैठक में सांसद संजय सिंह, प्रदेश प्रभारी दीपक बाजपेयी, सहप्रभारी खेमचंद जागीरदार, प्रदेश अध्यक्ष रामपाल जाट सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल हुए. राजस्थान के नवनियुक्त प्रभारी संजय सिंह जल्द ही जयपुर जाएंगे और पार्टी के फैसलों का ऐलान करेंगे. सांसद संजय सिंह उत्तर प्रदेश और बिहार के भी प्रभारी है.आप पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में लोकसभा चुनाव में सातों सीटों पर करारी हार के बाद राजस्थान में पार्टी की पकड़ मजबूत करने के उद्देश्य से राज्यसभा सांसद संजय सिंह को यहां का प्रभारी बनाया है।

### ट्रंप को अभी भी उत्तर कोरियाई नेता पर विश्वास

**टोक्यो।** उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग द्वारा इसी महीने मिसाइल परीक्षण करने के बावजूद अमेरिका के राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को उन पर अपना विश्वास दोहराया है। यहां आधिकारिक यात्रा पर आए ट्रंप ने ट्वीट किया, उत्तर कोरिया ने कुछ छोटे हथियारों का परीक्षण किया, जिससे मेरे कुछ लोग, कुछ अन्य लोग परेशान हो गए, लेकिन मैं नहीं हुआ। जानकारी के अनुसार, मिसाइलों और परमाणु हथियारों के परिक्षणों को रोकने के किम के वादे का हवाला देते हुए ट्रंप ने कहा, मुझे विश्वास है कि चेयरमैन किम मुझसे किए अपने वादे पर कायम रहेंगे। प्योंगयांग ने उत्तर कोरियाई तानाशाह की निगरानी में चार और नौ मई को कम दूरी की कई बैलेस्टिक मिसाइलें लांच की थीं। जापान समेत कुछ देशों का कहना है कि यह कदम संयुक्त राष्ट सुरक्षा परिषद के संकल्पों का उल्लंघन करता है। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन बोल्टन ने भी शनिवार को टोक्यो में कहा कि इसमें कोई शक नहीं है कि ट्रंप के रुख के विपरीत मिसाइल लांच करना संयुक्त राष्ट के संकल्पों का उल्लंघन है। अमेरिका और उसके स्थानीय सहयोगी दक्षिण कोरिया- दोनों ने इसी महीने हुए मिसाइल परीक्षणों को ज्यादा तवज्जो नहीं दी थी, जो कोरियाई प्रायाद्वीप को परमाणु हथियारों से मुक्त करने को लेकर वाशिंगटन और प्योंगयांग के बीच वार्ता में गतिरोध के बीच हुआ था।

### दो मालवाहक जहाजों के बीच टक्कर, चार लापता

**योकोहामा।** जापान के पूर्व में प्रशांत महासागर में रविवार को दो मालवाहक जहाजों के बीच टक्कर के बाद चालक दल के चार सदस्य लापता हो गये। जापान तटरक्षक दल के अधिकारी ने कहा कि इस दुर्घटना के बाद एहिम प्रान्त के इमाबरी स्थित सेंशो मारू जहाज डूब गया और उसके चालक दल के पांच सदस्यों में से चार लापता हैं। रिपोर्ट के अनुसार चिबा प्रान्त में इनुबोसाकी से लगभग 12 किलोमीटर दूर लगभग 0210 बजे दोनों जहाजों- 499 टन के सुमिहो मारू और 499 टन के जहाज सेन्शो मारू, के बीच टक्कर हुई। घटना के बाद हिरोशिमा के कुरे स्थित जहाज सुमिहो मारू ने सहायता के लिए मदद मांगी।

## स्मृति के करीबी नेता के हत्या के मामले में 7 लोग हिरासत में छापेमारी जारी



**अमेठी (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के अमेठी में लोकसभा चुनाव में स्मृति ईरानी के प्रचार में बड़ी जिम्मेदारी निभाने वाले भाजपा नेता की सोते समय हत्या कर दी गई. मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है. मामले में 7 लोगों को हिरासत में लिया गया है. मिली जानकारी के अनुसार बरौलिया के पूर्व प्रधान सुरेंद्र सिंह की अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी. बदमाशों ने घटना को अंजाम उस वक्त दिया जब पूर्व प्रधान सुरेंद्र सिंह अपने घर के बाहर सो रहे थे. बताया जा रहा है कि बाइक सवार बदामशों ने घर के बाहर सोते समय सुरेंद्र सिंह ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी. घायल पूर्व प्रधान को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया. जहां डाक्टरों ने लखनऊ रेफर कर दिया. लखनऊ ले जाते वक्त सुरेंद्र सिंह ने दमतोड़ दिया. बताया जा रहा है कि पूर्व प्रधान सुरेंद्र सिंह का प्रभाव कई गांवों में है.

डीजीपी ओपी सिंह ने कहा कि इस मामले में 7 संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है. मामले के खुलासे के लिए तीन टीमें बनाकर छापेमारी की जा रही है. हालांकि प्रथम दृष्टया मामला पारिवारिक रंजिश का लग रहा है. इस मामले में डीजीपी ऑफिस से सघन मॉनिटरिंग की जा रही है.

## मोदी की जीत पर विश्व के नेताओं की बधाई का सिलसिला जारी




**नई दिल्ली (आरएनएस)।** लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ऐतिहासिक जीत के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को विश्व के नेताओं की ओर से बधाई का सिलसिला जारी है।

विदेश मंत्रालय के मुताबिक सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान, कतर के अमीर शेख तामिम बिन हमद अल थानी, जर्मनी की चांसलर एंजेला मर्केल, ब्रिटेन की प्रधानमंत्री थेरेसा मे, श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे सहित विश्व के कई नेताओं ने मोदी को फोन कर बधाई दी है। मोदी ने क्राउन प्रिंस को गर्मजोशी से सम्मानित करने के लिए धन्यवाद दिया और भारत के लोगों के साथ उनकी बहुमूल्य मित्रता और दोनों देशों के बीच घनिष्ठ संबंधों को आगे बढ़ाने में उनकी व्यक्तिगत रुचि के लिए उनकी सराहना की। कतर के अमीर ने प्रधानमंत्री को गर्मजोशी से बधाई दी और भारत एवं कतर के बीच प्रगाढ़ होते संबंधों का उल्लेख किया।

चांसलर मर्केल ने दोनों देशों के बीच प्रगाढ़ होते संबंधों का उल्लेख किया और आपसी हितों के क्षेत्रों में सहयोग को और बढ़ाने की इच्छा व्यक्त की। दोनों नेता जापान के ओसाका में आगामी जी 20 शिखर सम्मेलन के लिए उत्सुक हैं। ब्रिटेन की प्रधानमंत्री ने मजबूत जनादेश के लिए मोदी को बधाई दी। आम चुनावों को लोकतंत्र के लिए एक प्रमुख शो केस बताते हुए सुथेरेसा ने भारत के लोगों के इस महत्वपूर्ण चुनाव प्रक्रिया में शामिल होने की सराहना की। मोदी ने सभी क्षेत्रों में ब्रिटेन के साथ द्विपक्षीय सहयोग को और प्रगाढ़ बनाने के लिए काम जारी रखने की इच्छा व्यक्त की।

## ममता के करीबी पूर्व पुलिस कमिश्नर के खिलाफ लुक आउट नोटिस



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** देश में लोकसभा चुनाव के परिणाम आने के दो दिन बाद कोलकाता के पूर्व पुलिस कमिश्नर तथा मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के करीबी माने जाने वाले राजीव कुमार की मुश्किलें फिर से बढ़ने लगी हैं. शारदा चिट फंड घोटाला मामले में सीबीआई के इमीग्रेशन ब्यूरो ने उनके खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी किया है. यह नोटिस 23 मई 2020 तक अर्थात एक वर्ष तक वैध रहेगा. इस नोटिस की वजह से राजीव कुमार अगर देश के किसी भी हवाई अड्डे से देश छोड़ने की कोशिश करते पाए, गए तो उन्हें सीबीआई को सौंप दिया जाएगा.

इसी महीने सुप्रीम कोर्ट ने शारदा चिटफंड घोटाला मामले में गिरफ्तारी से सुरक्षा प्रदान करने की समयसीमा बढ़ाने की मांग वाली कोलकाता पुलिस के पूर्व आयुक्त राजीव कुमार की याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी थी. गिरफ्तारी से उनकी सुरक्षा 24 मई को खत्म हो गई थी.

## तीन बच्चों को गोली मार शव कुएं में फेंके



**बुलन्दशहर (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश में बुलन्दशहर के शहर कोतवाली क्षेत्र में बदमाशों ने एक ही परिवार की दो बालिकाओं समेत तीन बच्चों का अपरहण करने के बाद उनकी हत्या कर दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षण एन कोलांचि ने शनिवार को यहां बताया कि बताया नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला फैसलाबाद में हाफिज आलम के यहां शुक्रवार शाम को रोजा इफ्तार की पार्टी थी। पार्टी के बाद परिवार की अलीबा (08), आसमा (07) और अब्दुल (09)घर के बाहर खेलते हुए गायब हो गये थे। परिजनों ने तीनों की तलाश की और देर रात तक कोई सुराग ने मिलने पर पुलिस को तीनों बच्चों के गुमशुदगी की सूचना दी।

पुलिस के मुताबिक तीनों बच्चों के शव शनिवार सुबह सलेमपुर क्षेत्र के धतूरी गांव के जंगल में स्थित एक नलकूप के होदे में बरामद हुये। तीनों की गोली मारकर हत्या की गयी थी। नलकूप के इर्दगिर्द खून फैला था और कारतूसों के कई खोके भी मौके पर से बरामद किए गए। एसएसपी ने बताया कि पुलिस ने परिजनों को मौके पर बुलाकर बच्चों की शिनाख्त करायी। शवों की शिनाख्त अलीबा, आसमा व अब्दुल के रूप में हुई। पुलिस ने तीनों शवों का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

इस मामले में कर्तव्य में शिथिलता व लापारवाही के आरोप में नगर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक और हैड मोहर्रिर को निलंबित कर दिया है। तहरीर के आधार पर हत्या व हत्या के सबूत मिटाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गयी है। इस मामले में तीन लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की गयी है। हत्या के आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस की छह टीमें गठित की गयी हैं। मामले की छानबीन की जा रही है।



## जेट एयरवेज के पूर्व चेयरमैन नरेश गोयल और उनकी पत्नी के विदेश जाने पर रोक

**मुंबई (आरएनएस)।** जेट एयरवेज के पूर्व चेयरमैन नरेश गोयल और उनकी पत्नी अनीता गोयल को आज हिरासत में ले लिया गया। उन्हें जब हिरासत में लिया गया तब वह विदेश जाने की कोशिश में थे। दरअसल इन दोनों के खिलाफ लुक ऑउट नोटिस हुआ पड़ा है और दोनों देश छोड़कर जाने पर रोक है।

सूत्रों ने बताया कि दंपत्ति अमीरात एयरलाइंस की उड़ान संख्या ईके 507 से दुबई जा रहा था। मुंबई एयरपोर्ट से दोपहर 3:35 बजे उन्हें उड़ान भरनी थी, लेकिन आव्रजन अधिकारियों ने मुंबई हवाई अड्डे पर ही उन्हें रोक लिया। अधिकारियों ने अनीता का बैग भी विमान से उतार लिया। इस मामले में हालांकि नरेश गोयल और विमानन कंपनी की कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

गौरतलब है कि आर्थिक संकट से जूझ रही जेट एयरवेज ने पिछले महीने अपनी सेवाएं बंद कर दी थीं। उन्हें बैंकों ने और कर्ज देने से इंकार कर दिया था। इसके बाद उन्होंने कंपनी के कर्मचारियों को एक भावनात्मक पत्र लिखकर कंपनी को दोबारा अपने पैरों पर लौटने की उम्मीद जताई थी।

## तीन राज्यों में घुसपैठ तेज करने की फिराक में आतंकवादी

» गृह मंत्रालय ने किया अलर्ट जारी



**अगरतला (आरएनएस)।** केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने त्रिपुरा, असम और पश्चिम बंगाल को चेतावनी जारी की है कि इस्लामिक आतंकवादी संगठन इन राज्यों के सीमावर्ती इलाकों में अपनी हरकतें तेज करने का प्रयास कर रहे हैं। मंत्रालय की ओर से इन राज्यों को दी गयी सूचना में कहा गया है कि इस्लामिक आतंकवादी संगठन जैसे जमात-उल-मुजाहिदीन बंगलादेश (जेएमबी) जिसने हाल ही में जमात-उल-मुजाहिद्दीन इंडिया (जेएमआई) का गठन किया है, त्रिपुरा, असम और पश्चिम बंगाल में अपना आधार स्थापित करने का प्रयास कर रहा है।

जांच के दौरान पता चला है कि जेएमबी इन राज्यों के जिलों में भारत-बंगलादेश सीमा के साथ-साथ 10 किलोमीटर के दायरे में स्थायी ठिकाने बनाने की योजना बना रहा है। यह आतंकवादी संगठन दक्षिण भारत में अपने नेटवर्क को फैलाने की योजना के साथ भारतीय उप-महाद्वीप में स्थायी ठिकाने बनाने का प्रयास कर रहा है। इसके अलावा जेएमबी आतंकवादी गतिविधियों, विस्फोटकों एवं रसायनों की खरीद और विस्फोटक उपकरणों के लिए धन जुटाने में भी शामिल रहा है। जेएमबी और जेएमआई या जमात-उल-मुजाहिदीन हिन्दुस्तान ने आतंकवादी हरकतों को बढ़ावा दिया है और भारत में आतंकवादी गतिविधियों के लिए युवाओं को कट्टरपंथ की ओर खींचने और उनकी भर्ती के कार्यों में लगा हुआ है। सूत्रों के मुताबिक दो अक्टूबर, 2014 को बर्दवान बम विस्फोट और 19 जनवरी, 2018 को बोधगया विस्फोट में जेएमबी कैडरों की संलिप्तता की जाँच एजेंसी द्वारा की गयी है। इसके अलावा असम पुलिस ने करीब पांच मामलों में जेएमबी की संलिप्तता पाई है और जेएमबी से जुड़े कुल 56 अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने की उपराष्ट्रपति नायडू से मुलाकात



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** अपने दूसरे कार्यकाल के लिए प्रधानमंत्री चुने के बाद नरेन्द्र मोदी आज रविवार को उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू से उनके निवास उपराष्ट्रपति भवन जाकर मुलाकात की। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस भेंट को शिष्टाचार भेंट बताया गया है। इसके पूर्व मोदी ने राष्टपति रामनाथ कोविंद से शनिवार को राष्ट्रपति भवन जाकर मुलाकात की थी।